**गंगा और रामगंगा पर सड़क एवं रेल का पुल**

*1785. **श्री मधु लिमये :** क्या परिवहन तथा नौवहन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या फरुखाबाद और शाहजहांपुर के बीच गंगा और रामगंगा पर रेल एवं सड़क के पुल का निर्माण करने की आवश्यकता की ओर सरकार का ध्यान दिलाया गया ;

(ख) क्या यह सच है कि सरकार ने इस परियोजना के लिये तीसरी पंचवर्षीय योजना में 6 करोड़ रुपये मंजूर किये थे, जिसमें से उत्तर प्रदेश सरकार को काम प्रारम्भ करने के लिये 25 लाख रुपये दिये गये थे ;

(ग) क्या यह भी सच है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस बारे में अब तक कोई कार्यवाही नहीं की है ; और

(घ) क्या सरकार का विचार राज्य सरकार को इस कार्य को आरम्भ करने का निदेश देने और इस प्रयोजन के लिये मंजूर की गई राशि देकर इस कार्य को पूरा कराने का है, और यदि हां, तो कब ?

**परिवहन तथा असैनिक उड्डयन मंत्रालय में उपमन्त्री (श्री भक्त दर्शन)** (क) और (ख). जी नहीं ।

(ग) और (घ). फरुखाबाद के निकट गंगा और रामगंगा नदियों पर स्वतन्त्र सड़क पुल बनाने की लागत के 50 प्रतिशत की पूर्ति के लिए राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार से ऋण सहायता मांगी है । इस प्रार्थना पर विचार किया जा रहा है ।

**Delhi Pol**

*1786. SHRI BENI SHANKER SHARMA : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether members of the Delhi Police Non-Gazetted Karamchari Sangh held a big rally on the 15th April, 1968 to protest against the victimization of Policemen by the authorities;

(b) whether it is a fact that the rally was held on the eve of the National Crime Prevention Week and a year after they held a massiave demonstration outside the residence of the Union Home Minister;

(c) whether they have demanded that cases against all Policemen suspended last year after the demonstration be withdrawn and those who were dismissed be reinstated; and

(d) if so, the steps proposed to be taken to ameliorate their grievances?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : (a) and (b). No rally was held by Members of the Delhi Police Non-Gazetted Karmchari Sangh. However, it is reported that some dismissed policemen had organised a public meeting in Delhi on 15-4-1968. The National Crime Prevention Week was held between 16th and 21st April, 1968. The demonstration outside the residence of the Home Minister was held on 14th and 15th April last year.

(c) and (d). This was one of the demands made by the dismissed policemen. The cases against the dismissed and suspended policemen are sub judice.

**मध्य प्रदेश में उज्जैन जिले में खोज**

*1787. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ समय पूर्व मध्य प्रदेश में जिला उज्जैन में पुरातत्व विभाग द्वारा की गई खुदाई के फलस्वरूप कुछ महत्वपूर्ण प्राचीन अवशेष पाये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो ये अवशेष किस युग के हैं ; और

(ग) क्या विक्रम विश्वविद्यालय के पुरातत्व विभाग की प्रार्थना पर सरकार कुछ अन्य स्थानों पर खुदाई का कार्य आरम्भ करने के प्रस्तावों पर विचार कर रही है ?

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) :** (क) खुदाई भारत के पुरातत्वीय सर्वेक्षण द्वारा नहीं की गई थी बल्कि विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन और दक्कन कालेज

उत्तर स्नातक और अनुसंधान संस्थान, पूना द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी।

(ख) 2000 ई० पू० से लगभग मध्यकाल तक फैली हुई सांस्कृतिक परम्परा का पता चला है। प्राप्त वस्तुओं के बारे में खुदाई करने वालों से अभी तक विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

(ग) ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है अथवा न ही विचाराधीन है।

## ईसाई धर्म प्रचारकों द्वारा लोगों का धर्म परिवर्तन कराना

*1788. **श्री राम गोपाल शालवाले** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान ईसाई धर्म-प्रचारकों द्वारा आसाम तथा अन्य पिछड़े सीमा क्षेत्रों में प्रलोभन देकर धर्म-परिवर्तन किये जाने के बढ़ते जा रहे मामलों की ओर दिलाया गया है ;

(ख) गत तीन वर्षों में इन क्षेत्रों में कितने व्यक्तियों का धर्म-परिवर्तन कराया गया है ; और

(ग) इन धर्म परिवर्तनों को रोकने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री ((श्री विद्या चरण शुक्ल)** : (क) कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों में जिनमें आसाम भी शामिल है विदेशी धर्म-प्रचारकों की अपनी गतिविधियों को बढ़ाने के प्रयत्न करने की रिपोर्ट मिली है।

(ख) एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन का पंजीकरण कराने के लिये कोई कानून नहीं है। अत: पूछी गई सूचना उपलब्ध नहीं है।

(ग) भाग (क) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की हत्या की छानबीन करने वाला केन्द्रीय जांच ब्यूरो का अधिकारी

*1789. **श्री यशपाल सिंह** : क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की हत्या की छानबीन करने वाले केन्द्रीय जांच ब्यूरो के अधिकारी को वापस बुला लिया गया है तथा यह काम दूसरे अधिकारी को सौंप दिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण)** : (क) जी नहीं, श्रीमान्।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

## Boat Service between Kachchativu Islands and Indian Ports

*1790. SHRI GEORGE FERNANDES: Will the Minister of TRANSPORT AND SHIPPING be pleased to state :

(a) the number of boats that ferried between Kachchativu Island and the Indian ports including Tuticorin in March during St. Anthony's festival on the Kachchativu Island and the total number of passengers carried by these boats ;

(b) how many of these boats were detained for being found without proper safety devices, life-saving devices and for other reasons ; and

(c) the time for which they were detained and the circumstances under which they were subsequently allowed to proceed ?

THE MINISTER OF TRANSPORT AND SHIPPING (DR. V. K. R. V. RAO): (a) No boat ferried between Tuticorin and Kachchativu island during March. But a number of boats did sail from Rameshwaram and other points on which information is not available. It is known that about 20 launches allotted by Government for purposes of fishing were engaged in this traffic and it is estimated that approximately 2000 passengers must have been carried by these vessels.

(b) and (c). Information is being collected on this. But it appears from the information already received that these vessels sailed in utter disregard of rules and carried these visitors from 22-3-1968 morning from various places along the coast,